# बाइक सवार टकराए स्कॉर्पियो से बाइक के उड़े परखच्चे






**बिलासपुर**, 21 नवंबर ( देशबन्धु)। मंगलवार सुबह मोपका चौकी अंतर्गत बिलासपुर कोरबा मुख्य सड़क पर आरटीओ ऑफिस के पास भीषण हादसा हुआ है। जहा एक अनियंत्रित बाइक स्कॉर्पियो गाड़ी में जा भिड़ी, जिसे बाइक सवार को गंभीर चोटे आई है।

इधर 108 के तत्काल मौके पर पहुंचने से बाइक सवार युवकों कि जान बचाई जा सकी।

मिली जानकारी के अनुसार सीपत नवागांव निवासी विनोद सूर्यवंशी और भ्रमेंद्र सूर्यवंशी बाइक क्रमांक सीजी 12 ए एल 2595 में सवार होकर बिलासपुर कि ओर जा रहे थे।

उसी समय सीजी 12 ए के 1998 स्कॉर्पियो बिलासपुर से कोरबा कि ओर

■ घायल युवको की 108 के रिस्पांस टीम ने बचाई जान

जा रही थी। तभी आरटीओ ऑफिस के पास बाइक और स्कॉर्पियो के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए तो वही बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस घटना की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल बिलासपुर में तैनात 108 की टीम ईएमटी ( इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) लता खुटे तथा पायलट ( वाहन चालक) अश्वनी, ने तत्परता दिखाते हुए, एंबुलेंस मे तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना हुए। जहा मौके पर पहुंच उन्होंने देखा कि दोनो युवकों की हालत गंभीर है। जिसमें एक को सर और चेहरे पर चोट आई है,

तो वही दूसरे मरीज को पैर में चोट आई है। जिनको एंबुलेंस में प्राथमिक उपचार करते हुए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है।

# मौहाभाठा में 9 दिवसीय महालक्ष्मी पूजा का आयोजन



**तखतपुर** 21 नवंबर (देशबन्धु)। मौहाभाठा में 9 दिवसीय महालक्ष्मी पूजन का आयोजन किया गया जिसमें विधि विधान के साथ पण्डाल में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया और नौ दिनों तक मां लक्ष्मी की पूजा के पश्चात सुबह शाम आरती की गई। इस पूजन कार्यक्रम को आचार्य नीरज पाण्डेय ने सम्पन्न कराया। कार्यक्रम स्थल में झांकी का भी प्रदर्शन फुलवारी और लोरमी के टीम ने किया। पूजन में यजमान श्रीमती सुशीला हेमलाल साहू रहे। इस अवसर पर संतोष, सीताराम, श्याम, जितेंद्र, आशीष, शिवम, आकाश, समयलाल, रीती, ढेलाऊराम, धीरज, दिव्या, दीक्षा, देवकुमार, गोलू, विशाल, भरत, मयंक, राम खिलावन सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पिल्लूराम साहू ने किया।

## सार-संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट ने झीरम हत्याकांड के शहीदों को न्याय दिलाने का रास्ता खोला-कांग्रेस



■ एनआईए की याचिका खारिज, छत्तीसगढ़ पुलिस जांच कर सकती है

**बिलासपुर**, 21 नवंबर ( देशबन्धु)। झीरम हत्याकांड को लेकर एनआईए द्वारा दायर की गई याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया और कहा है कि छ.ग. पुलिस इस घटना की जांच कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट में यह मामला एनआईए ने दायर किया था। छ.ग की पुलिस ने आपराधिक षड्यंत्र की जांच शुरू की और एनआईए ने अदालती अड़ंगा अटका दिया। पहले वे ट्रायल कोर्ट गए वहा उनकी याचिका खारिज हुई और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज कर दी। कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रवक्ता अभय नारायण राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की स्वागत करती हैं। कांग्रेस का मानना है कि इस फैसले से शहीद परिवारों को न्याय मिलने का रास्ता खुला है। अब छ.ग. पुलिस 26 मई 2020 को दर्ज दूसरे एफआईआर के आधार पर यह जांच कर पाएगी कि किसके कहने पर और किसे बचाने के लिए केंद्र सरकार के एजेंसी एनआईए जांच का रास्ता रोक रही थी। कांग्रेस ने कहा कि हमारा सवाल है कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने आपराधिक षड्यंत्र की जांच क्यों नहीं करवाई।

### राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर मतगणना के संबंध में देंगे प्रशिक्षण

#### 23 नवम्बर को होगा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण

**रायगढ़,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतगणना हेतु प्रशिक्षण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग.रायपुर द्वारा प्रत्येक जिले में आहूत किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में प्रशिक्षण 23 नवम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रात:10 बजे से आयोजित होगी। उक्त प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतगणना के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/ पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी/ईव्हीएम नोडल अधिकारी/सुरक्षा नोडल अधिकारी/ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 2 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण में उपस्थित रहेंगे।

### बस ने कार को मारी टक्कर

**तखतपुर** 21 नवंबर (देशबन्धु)। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बस चालक ने कार को ठोकर मार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेला निवासी आनंद कुमार अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 13 नवम्बर को सुबह 11 बजे वह अपने कार क्रमांक सीजी 10 जेड 8076 से तखतपुर की ओर जा रहा था तभी पीछे की ओर से आ रही रवि राज बस क्रमांक सीजी 10 एएल 8076 के चालक ने लापरवाही पूर्वक बस चलाते हुए कार को ठोकर मार दिया। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**10 लाख युवाओं को...**

परिवार की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। मनरेगा और इंदिरा गांधी शहरी रोजगार में 125 से बढ़ाकर 150 दिन किया जाएगा। छोटे व्यापारियों, दुकानदारों को 5 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाने के लिए व्यापारी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू होगी। घोषणापत्र में स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के मुताबिक एमएसपी कानून लाया जाएगा, परिवार की महिला मुखिया को सालाना 10 हजार रुपए दिए जाएंगे, चिरंजीवी बीमा की राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया जाएगा, 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी, 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा, गैस सिलेंडर अभी 500 रुपए का मिल रहा है, उसे 400 रुपए किया जाएगा, मनरेगा और इंदिरा गांधी शहरी रोजगार में 125 से बढ़ाकर 150 दिन किया जाएगा, 100 तक जनसंख्या वाले गांवों और ढाणियों को सड़क से जोड़ा जाएगा, हर गांव एवं शहरी वार्ड में सिक्योरिटी गार्ड लगाए जाएंगे, आवास का अधिकार कानून लाकर सभी को आवास दिए जाएंगे, जातिगत जनगणना का भी वादा किया गया है।

# दलाल के माध्यम से कमाने खाने महाराष्ट्र गया युवक नहीं लौटा वापस

## सकोला कोटमी के तीन युवक दलाल के माध्यम से गए थे कमाने खाने, दो युवक लौटे एक गायब

### परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से लगाई मदद की गुहार

### आदिवासी अंचल में मजदूरों को दूसरे राज्य भेजने दलाल है सक्रिय

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 21 नवंबर (देशबन्धु)। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के जिले के सकोला तहसील से महाराष्ट्र कमाने खाने गए तीन युवक में से एक युवक गोपाल त्रिपाठी लापता हो गया है जबकि दो युवक वापस अपने गांव आ गए हैं। अज्ञात आशंका से डरे परिजनों ने पुलिस अधीक्षक गौरेला पेंड्रा मरवाही से मदद की गुहार लगाई है। इस संबंध में लापता युवक गोपाल त्रिपाठी के भाई राकेश त्रिपाठी निवासी सकोला ने पुलिस अधीक्षक गौरेला पेंड्रा मरवाही को लिखे ज्ञापन में बताया कि उसका भाई गोपाल त्रिपाठी पिता राम शिरो मगि त्रिपाठी उम्र लगभग 38 वर्ष ग्राम सेखवा निवासी अशोक जाधव पिता गंगाधर जाधव के माध्यम से कमाने खाने महाराष्ट्र गया था। अशोक जाधव अंतरराजीय मजदूर एजेंट का काम करता है जिसने अधिक का प्रलोभन देकर महाराष्ट्र ले गया था। एजेन्ट अशोक जाधव के साथ में कन्हैया रजक पिता राजमालिक रजक सकोला निवासी, और इम्तियाज़ पिता मुस्ताक अहमद ग्राम कोटमी कला, भी गए थे जो एक महीने बाद वापस आ गए परंतु गोपाल त्रिपाठी अभी तक महाराष्ट्र से वापस नहीं लौट पाया है। परिजनों ने आशंका जताई है कि गोपाल त्रिपाठी को बंधक बना लिया गया है तथा उसकी जान को भी खतरा हो सकता है। कमाने खाने गए गोपाल त्रिपाठी के लापता होने के बाद राकेश त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक



### आदिवासी अंचल में मजदूरों को दूसरे राज्य में भेजने के लिए गांव-गांव दलाल है सक्रिय

आदिवासी अंचल गौरेला पेंड्रा मरवाही में मजदूरों को दूसरे राज्य में भेजने के लिए गांव गांव दलाल सक्रिय है जो कमीशन पर मजदूरों को दूसरे राज्य भेजने का काम करते हैं मगर मजदूरों को भेजने के बाद यह लोग किसी तरह की जिम्मेदारी से पीछा छुड़ाने फिरते हैं। मजदूर कहां काम कर रहा है कौन सी जगह में है इन सब की जानकारी परिजनों को देने में इनकार करते हैं ऐसे में किसी विपरीत परिस्थिति में यदि मजदूर अपने घर वापस आना चाहता है तो उसे किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिल पाती। जिले में अनेक प्रकरण ऐसे आए हैं जिसमें मजदूरों को अपनी किए गए काम की मजदूरी छोड़कर वहां से भाग कर अपने घर आना पड़ा है। पुरुष मजदूर ही नहीं बल्कि महिला मजदूर खासकर लड़कियों पर भी इन दलालों की नजर होती है जो उन्हें आकर्षक वेतन का लालच देकर दूसरे राज्य में काम दिलाने के बहाने ले जाते हैं परंतु बाद में उनके साथ जो परिस्थितियों निर्मित होती है उसके कारण वह वहां से भाग कर तो आ जाते हैं परंतु यहां अपने साथ घटित घटनाओं की जानकारी भी नहीं दे पाते ऐसे में अब जरूरी है कि प्रशासन ऐसे मजदूर दलाल की पहचान कर उन पर नकेल कसे ताकि मजदूर किसी झांसे में ना आए।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण



### विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अध्यापन व्यवस्था व समय पर शिक्षकों को उपस्थित होने के दिए निर्देश

**रायगढ़**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला एवं सहायक संचालक शिक्षा के.के.स्वर्णकार के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बोईरडीह विकासखण्ड पुसौर, शासकीय माध्यमिक शाला एकताल विकास खण्ड पुसौर एवं शासकीय प्राथमिक शाला झारापारा (एकताल)विकासखण्ड पुसौर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें शासकीय शाला बोईरडीह एवं माध्यमिक शाला एकताल में शिक्षक दैनंदिनी पूर्ण न होना पाया गया जिसके लिए निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, नियमित अध्यापन व्यवस्था व समय पर शिक्षकों को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया जिससे कि विद्यालयों में अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालन हो सके। शासकीय प्राथमिक शाला झारापारा (एकताल)समय से पूर्व बंद पाया गया इस हेतु विद्यालय के प्रधान पाठक एवं शिक्षकों को कारण बताओ सूचना जारी किया गया है। जिले के समस्त विद्यालय के संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि विद्यालय समय पर खुले एवं समय पर बंद हो साथ ही सभी शिक्षकों को अपनी-अपनी शिक्षक दैनंदिनी तैयार कर निर्धारित अवधि में कोर्स पूर्ण करें।

# मौसम साफ, तापमान में आई गिरावट



**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में नवंबर की शुरुआत से ही हल्की ठंड महसूस होने लगी थी लेकिन बीते कुछ दिनों से मौसम स्थिर बना हुआ है ।राजधानी रायपुर के लालपुर मौसम केंद्र के अनुमान के मुताबिक छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा ।वही सोमवार को प्रदेश का मौसम ड्राई रहा।

प्रदेश में उत्तर पूर्व से हल्की ठंडी हवाएं भी चल रही है, लेकिन मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहने के कारण ठंड में थोड़ी कमी आई है।

मौसम विज्ञानी जनक राम साहू के मुताबिक सोमवार और मंगलवार को दक्षिण छत्तीसगढ़ और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जगहों पर बादल छाए रह सकते हैं। अगले तीन दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। जिसके बाद फिर से ठंड बढ़ेगी।

**गर्म कपड़ों का सजा बाजार:** ठंड की दस्तक के साथ ही राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है। हालांकि ठंड कम पड़ने की वजह से बाजारों में अभी भीड़ नहीं देखने को मिल रही है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार दो दिनों बाद न्यूनतम व अधिकतम तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। ऐसे में दो दिनों बाद गर्म कपड़ों के बाजार में रौनक देखने को मिल सकती है।




**बिलासपुर।** आज आंवला नवमी पर मनोकामना पूर्ति के लिए महिलाओं ने किया आंवला के वृक्ष की पूजा।

**न्यायालय तहसीलदार अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ......./ बी-121-20

ग्राम फरहदा

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकिशुन कैवर्त्य पिता देवीराम जाति केंवट ग्राम फरहदा के द्वारा ग्राम फरहदा में अपने चाचा शिवकुमार की मृत्यु दिनांक 12/10/2002 को हो जाने पर फौती कार्य कराये जाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आदेश जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अत: प्रस्तुत आवेदन पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति दिनांक 24/11/2023 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

सील

**तहसीलदार**
**अकलतरा (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मोहम्मद आजाद खान पिता जमील खान** उम्र 55 वर्ष, निवासी-मकान नं. एल-6, सफा मस्जिद के पास, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपने यह पुराने नाम को त्याग कर नया नाम **मोहम्मद आजाद खान मेवाती पिता जमील खान** रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज में मेरे नये नाम **मोहम्मद आजाद खान मेवाती पिता जमील खान** से ही जाना एवं पहचाना जावे।

शपथकर्ता
**मोहम्मद आजाद खान मेवाती**
**पिता जमील खान**
मकान नं. एल-6,
सफा मस्जिद के पास,
यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
पिन- 495001

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम पेण्डारी तह.सकरी
जिला- बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शाह नवाज पिता अब्दुल लतीफ खान, निवासी पुराना बस स्टैण्ड, तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम पेण्डारी स्थित भूमि खसरा नं. 1079 रकबा 925 वर्गफीट भूमि आवेदक के स्वामित्व की भूमि है। उक्त भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज नहीं है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किए जाने हेतु छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 के तहत् आवेदन न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ.रा. तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. में आवेदन प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 06/12/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

सील

**अति.तहसीलदार**
**सकरी**

**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पश्चिम), मुम्बई - 400069.

**बिलासपुर शाखा :** प्रथम मंजिल कृष्णा सोनछत्र कम्पाउण्ड आरएनटी स्क्वेयर के पास, तारबाहर रोड़ बिलासपुर - 495004 (छत्तीसगढ़)

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के 60 दिवस में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे।

ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता(ओ) (शाखा का नाम) | धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 01000001040 एवं 01000000990/ बिलासपुर शाखा) सफिना बेगम (ऋणी) मोहम्मद वाजिद (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं संपूर्ण भाग, खतघोरा सारथी मोहल्ला, प.ह.नं. 08, खसरा नं. 366 2 वार्ड नं. 11 रहमानिया नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495445 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व: रोड़, पश्चिम: विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर: गली, दक्षिण : विक्रेता की शेष भूमि | 11-08-2023 & ₹ 11,19,361/- | 20-11-2023 |
| | | संपत्ति का समस्त शेष एवं संपूर्ण भाग, दुकान नं. 27 बस स्टेण्ड खतघोरा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495445 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व: मेन रोड़ खतघोरा, पश्चिम: खतघोरा बस स्टेण्ड, उत्तर: रोड़, दक्षिण : रोड़ | 11-08-2023 & ₹ 12,00,594/- | |

स्थान : बिलासपुर
दिनांक : 22-11-2023

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

## सार-संक्षेप

### पंप हाऊस के घर में फटा सिलेण्डर, कुसमुंडा में मोबाइल दुकान खाक



**कोरबा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा शहर से लगे पंप हाउस कालोनी और कुसमुंडा में दो घटनाओं से नुकसान उठाना पड़ा है। एसईसीएल कोरबा की पंप हाऊस कालोनी के एक मकान में आज दोपहर गैस सिलेण्डर फटने की घटना से एसईसीएल कर्मी परिजनों सहित आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मची रही। लोग घरों से बाहर निकल गए। मौके पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने लोगों को नियंत्रित किया। सूचना पर अग्निशमन दल के द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया।

इससे पहले की घटना में कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुनचुनी पानी टंकी के पास स्थित एक मोबाइल ऑफिस नामक दुकान में आग लग गई। यह आग देर रात आग लगने से दुकान का सारा सामान जल कर खाक हो गया। आज सुबह 9 बजे जब संचालक राकेश भगत दुकान खोलने पहुंचा तो भीतर से धुंआ निकलता देख तुरंत शटर उठाया तो उसके होश उड़ गए। दुकान के अंदर मौजूद सारे सामान जलकर राख हो गए थे। लैपटॉप, डेस्कटॉप, मोबाइल, एसेसिरीज, काउंटर,टेबल कुर्सी इत्यादि मिलाकर लगभग 2 लाख रुपए के सामान जलकर खाक हो गए हैं। आग लगने के कारणों की स्पष्ट जानकारी अभी मिल नही पाई हैं। शॉर्ट-सर्किट की आशंका है।

### बिजली कनेक्शन काटकर स्कूल से स्मार्ट बोर्ड की चोरी

**कोरबा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली का अवकाश के दौरान अज्ञात चोरों ने स्कूल की बिजली काटकर भीतर प्रवेश कर स्मार्ट बोर्ड की चोरी को अंजाम दिया। इसी तरह एसईसीएल की कालोनी में निवासरत महिला अधिकारी के घर से भी कीमती सामानों की चोरी हुई है।

जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना अंतर्गत ग्राम दुरपा में संचालित शासकीय हाई स्कूल में चोरी की वारदात 11 से 17 नवंबर के मध्य दीपावली अवकाश के दौरान हुई। प्राचार्या श्रीमती वाय हेमलता ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अवकाश के कारण विद्यालय बंद था किन्तु विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बीएलओ अशोक नायक प्रधानपाठक प्राथमिक शाला जरहा जेल के द्वारा 14 नवंबर को दोपहर 12 बजे हाईस्कूल के मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ पाया। सूचना पर श्रीमती हेमलता मौके पर पहुंची। भीतर जाने पर स्टाफ कक्ष में रखे 2 लाख रुपए कीमती स्मार्ट बोर्ड की चोरी की जानकारी हुई। प्राचार्या ने अपने अधिकारियों को अवगत कराते हुए चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। दूसरी वारदात में मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत एसईसीएल कोरबा के ऑफिसर कॉलोनी स्थित आवास क्रमांक-सी 19 में निवासरत् डॉ. अनुनेहा के घर से चोरी हुई है। अवकाश पर बाहर होने के कारण 14 नवंबर को शाम लगभग 7 बजे उसे चोरी की सूचना काम वाली बाई से फोन पर मिली। डॉ. अनुनेहा ने कोरबा वापस लौटने पर चोरी गए सामानों का मिलान किया और चौकी में एफआईआर के लिए सूचना दी। डॉ. अनुनेहा के घर से डीवीआर 8 हजार रुपए, रिस्ट वॉच 13 हजार और नगदी 6 हजार रुपए कुल 27 हजार रुपए की चोरी हुई है। पुलिस द्वारा दोनों मामलों में अलग-अलग अपराध दर्ज कर विवेचना व पतासाजी की जा रही है।

# मां से मिलना-जुलना पसंद नहीं था, बेटे ने पीट-पीट कर मार डाला

**कोरबा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के उपनगर दर्री क्षेत्र के साडा कालोनी में आज सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब यहां के एक मकान में कुसमुंडा निवासी व्यक्ति की हत्या अवैध संबंध के संदेह में कर दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त बेसबॉल स्टिक को बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना अंतर्गत निवासी नरेंद्र पाल उर्फ रोजी कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी स्थित टाटा मोटर्स वाहन शो रूम में कार्यरत था और ब्रेकडाऊन हुए वाहनों से संबंधित कार्य किया करता था। प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी वह अपने काम पर गया था लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। चिंतित परिजनों के द्वारा उसके संबंध में जानकारी जुटायी जा रही थी कि इस बीच



जानकारी मिली कि दर्री थाना क्षेत्र के साडा कालोनी में उसकी हत्या कर दी गई हे। परिजनों ने तत्काल अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी और सूचना पुलिस को भी मिल चुकी थी और मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई की। रात में ही हत्या के संदेही युवक को हिरासत में ले लिया गया। आज सुबह मर्ग, पंचनामा व पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस मामले में पुलिस की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि मृतक का साडा कालोनी निवासी एवं एक अंग्रेजी स्कूल में प्रिंसिपल बेवा महिला के साथ नजदीकी रिश्ते थे। मृतक का उसके घर आना-जाना लगा रहता था जो महिला के युवा पुत्र को पसंद नहीं था। बताया गया कि कल रात जब मृतक रोजी महिला मित्र के घर पहुंचा तो बेटे के साथ विवाद हो गया। अवैध संबंध होने के संदेह में विवाद बढने् पर युवक ने घर में रखे बेसबॉल स्टिक से सिर पर कई बार वार कर दिया। संघातिक चोटें आने ने रोजी की मौत हो गई। हालांकि इस मौत को सीढियों से गिरकर हादसा बताने की कोशिश की जाती रही लेकिन चोट की प्रवृत्ति और कड़ी पूछताछ में सच सामने आ गया।

# शहर का सौंदर्यीकरण धूल खा रहा कोई तोड़ रहा तो कोई चोरी कर बेच रहा

**कोरबा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम क्षेत्र सहित अन्य निकाय क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण और नगर को साफ-सुथरा तथा सुंदर बनाये रखने के लिए लाखों-करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद ये या तो धूल खा रहे हैं या फिर चोर-उचक्कों अथवा असामाजिक तत्वों का शिकार हो रहे हैं। बिना किसी बेहतर प्लानिंग के कराए जा रहे कार्यों का इसे नतीजा कहा जा सकता है, जिसकी वजह से न सिर्फ सरकारी धन का दुरूपयोग हो रहा है बल्कि जनता सवाल करने पर भी विवश है।



**कीमती मूर्तियां झाड़ियों से झांकती दिख रहीं, निगम को सुधि लेनी होगी**

शहर की सुंदरता बढ़ाने तथा कोरबा शहर व जिले में आने वाले लोगों को यहां बेहतर अनुभव कराने के लिए निःसंदेह कई कार्य कराए गए हैं किन्तु कार्य के बाद इनकी उपेक्षा और अनदेखी किए जाने से ऐसे कार्यों का कोई औचित्य समझ नहीं आ रहा। कालांतर में निगम क्षेत्र के कई चौक-चौराहे पर आकर्षक मूर्तियां और प्रदेश की संस्कृति को दर्शाने वाली प्रतिमाओं की स्थापना की गई लेकिन रख रखाव और देखरेख के अभाव में ये मूर्तियां खंडित होती जा रही हैं। शहर में प्रवेश करते ही गौ माता चौक पर गौ माता के साथ ही अन्य सौंदर्यीकरण के काम किए गए हैं लेकिन आज वो पूरी तरह से जीर्ण-शीर्ण हो गए हैं। लोगों का कहना है कि सौंदर्यीकरण के बाद उनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है यही वजह है कि वे बदहाली की मार झेल रहे हैं। इसी तरह सर्वमंगला मंदिर तिराहा का भी सडक़ के किनारे गार्डनिंग कर लाखों रुपए में उद्यान को विकसित किया गया और छत्तीसगढ़ के संस्कृति को दर्शाने के लिए मूर्तियां स्थापित की गई लेकिन आज उनका हाल देखकर यही आभास होता है कि काश इन्हें यहां नहीं लगाया जाता। कोयले के डस्ट से पूरी तरह से पट चुकी मूर्तियां सौंदर्यीकरण को मुंह चिढ़ाते नजर आती हैं। इस तरह का नजारा कोई एक-दो चौक चौराहा नहीं बल्कि कई अन्य जगहों पर भी देखा जा सकता है जहां कालांतर में साज-सज्जा और सौंदर्यीकरण के कार्य तो हुए लेकिन समय बीतने के बाद इन पर न सिर्फ धूल की परतें जम रही हैं बल्कि जर्जरता की ओर भी अग्रसर हैं।

### टीपी नगर का सौंदर्यीकरण लोहा चोरों की नजर में

निगम क्षेत्र के सीएसईबी चौक से शारदा विहार तिराहा के मध्य अभी हाल ही में करोड़ों रुपए खर्च कर सडक़ की बांयी ओर सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया। इसे व्यवस्थित करने के साथ-साथ सुरक्षा घेरा के रूप में लोहे की जालियां लगवाई गईं। ठेका पद्धति से हुए इस कार्य का अभी लोकार्पण भी नहीं हो पाया है कि यह चोरों की नजर में चढ़ गया है। लोहे की जालीयुक्त रेलिंग के ऊपरी नक्काशीदार हिस्से को बीच-बीच से बड़े पैमाने पर तोड़ दिया गया है। निःसंदेह तोड़ा गया हिस्सा चोरी का कबाड़ खरीदने वालों के यहां खपाया गया है। नगर निगम की शासकीय संपत्ति को खरीदने से चंद कबाड़ी चूक नहीं रहे किन्तु दूसरी तरफ इस रास्ते से अक्सर गुजरने वाले निगम के अधिकारियों से लेकर जोन प्रभारियों और मैदानी अमले की नजर इस पर नहीं पडऩा ज्यादा चिंताजनक है। निगम की संपत्तियों की सुरक्षा और देखरेख में कहीं न कहीं जिम्मेदार अधिकारी कोताही बरत रहे हैं जिसके कारण पहले भी निगम द्वारा सडक़ों के किनारे लगवाई गई लोहे के रेलिंग काट-काट कर चोरी कर लिए गए और अब भी यह सिलसिला जारी है।



**गुजरात से ब्लॉक हो रहे खाते**

## फोन-पे में रुपए ट्रांसफर कराकर की ठगी, मामला दर्ज

**कोरबा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। मोबाइल के जरिए बैंक खाता में ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करवा कर ठगी को अंजाम देने का मामला सामने आया है। ठगी करने वाले एक ही शख्स के विरुद्ध बालको और सिविल लाइन पुलिस ने अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी वेद प्रकाश जायसवाल कैलाश नगर निवासी का बालको बस स्टैंड में ग्राहक सेवा केन्द्र है। उसके पास 14 नवम्बर को दोपहर 3ः20 बजे एक लडक़ा आया और नगद पैसा की जरूरत बताकर अपना नाम धरमवीर जाटव बताया और बोला कि मैं अपने फोन पे मोबाईल से पैसा डलवा दूंगा। उसने बताया कि बालको में ही वह रेडिमेड कपड़े का सेल लगाया है। उसे वेदप्रकाश ने अपना फोन पे का क्यूआर कोड दिया तब धरमवीर अपने मोबाईल फोन से फोटो खींचा और किसी दूसरे व्यक्ति को उस क्यूआर कोड को वाट्सअप किया। इसके बाद प्रार्थी के क्यूआर कोड में 5000रूपये, 14200 रूपये, फिर प्रार्थी के आईडीबीआई बैंक के एकाउंट नंबर में 5000 रूपये कुल 24200 रूपये भेजा गया। उक्त राशि वेद प्रकाश ने धरमवीर को दे दिया। 14 नवम्बर को पुनः शाम 5 बजे धरमवीर ने उसी क्यूआर में कुल 20,000 रूपये और डलवाया। ये राशि खता में आने के बाद 20000 रूपये उसे दे दिया गया। अगले दिन फिर 12120 रूपये क्यूआर में डलवाया और रूपये लेकर चला गया। 18 नवम्बर को प्रार्थी के बैंक के खाता में लेन-देन नहीं होने से बैंक जाने पर पता चला कि गुजरात पुलिस के द्वारा उसका बैंक एकाउंट होल्ड करा दिया गया है। गुजरात के किसी व्यक्ति का पैसा एकाउंट में 12120 रूपये ट्रांसफर हुआ है इसलिए खाता ब्लाक हुआ है। पीड़ित की रिपोर्ट पर ठग धरमवीर जाटव के विरुद्ध धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।




इसी धरमवीर जाटव ने सिविल लाइन थाना रामपुर अंतर्गत प्रकाश आहुजा निवासी पोडीबहार आहुजा मोबाईल का संचालक से भी ठगी किया है। 10 नवम्बर को शाम 6.30 बजे आरोपी ने प्रार्थी की दुकान आकर झांसे में लेकर क्यूआर कोड हासिल किया और 5000-5000 करके 20000 रूपये ट्रांसफर कराया। इसके बाद 14 नवम्बर को प्रार्थी के पीएनबी अकाउंट से लेन-देन नहीं होने पर बैंक से पता चला कि गुजरात पुलिस के द्वारा उसका बैंक एकाउंट होल्ड कर दिया गया है। गुजरात के किसी व्यक्ति का पैसा उसके खाता में ट्रांसफर हुआ है। बालको और सिविल लाइन पुलिस ने अलग-अलग जुर्म दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की है।

## मिनीमाता कॉलेज में विधिक जागरुकता शिविर, छात्राओं ने जाना पॉक्सो एक्ट

**कोरबा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विविध जागरुकता शिविर किया गया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विक्रम प्रताप चन्द्रा एवं एडीजे कृष्ण कुमार सूर्यवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सिंह ने की।।

दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना उपरांत अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं बैज लगाकर किया गया। अतिथि विक्रम चन्द्रा ने पाक्सो एक्ट को लेकर छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। किसी भी तरह का आपराधिक मामला होने पर परिवार के सदस्य आगे आकर उनको न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं एवं पीड़ित की जानकारी गुप्त रखी जाती है। एडीजे कृष्ण कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों एवं महिलाओं के लिए निःशुल्क विधिक सहायता केन्द्र स्थापित है, जहां विधिक मार्गदर्शन एवं अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने परिवहन से संबंधित लायसेंस एवं इंश्युरेंस के बारे में भी जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र ने छात्राओं को दिए विधिक जानकारी को लाभप्रद बताया। अतिथियों के द्वारा छात्रों को सरल कानूनी शिक्षा पुस्तक भी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन एमएससी रसायन शास्त्र की छात्रा कु. अन्नु यादव द्वारा किया गया। सहायक प्राध्यापक श्रीमती कल्याणी ध्रुव के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।



## एरिगेशन के ईई पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**कोरबा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार ईई राजेश धवनकर मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत पावर हाईट्स अपार्टमेंट के मून ब्लॉक के आवास क्र.-304 में निवासरत हैं। उनके बगल क्रमांक 303 में धर्मेंद्र प्रसाद वर्मा निवास करते हैं। श्री वर्मा ने पुलिस से शिकायत की है कि श्री धवनकर शराब के नशे में आए दिन भद्दी-भद्दी गालियां देते हैं। वे रविवार की दोपहर करीब एक बजे नशे की हालत में श्री वर्मा के घर जा पहुंचे और गाली गलौच करना शुरू कर दिया। सोसायटी के पदाधिकारियों की समझाईश के बाद मामला शांत हो गया, लेकिन शाम करीब चार बजे श्री धवनकर ने पुनः गाली गलौच शुरू कर दी। वे बार-बार हाथ में पेचकश लेकर दौडने् लगे। रात 8 बजे श्री वर्मा को धमकाने लगे। धमकी से भयभीत श्री वर्मा ने मानिकपुर पुलिस व पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत कर दी। शिकायत पर राजेश धवनकर के खिलाफ धारा 107, 116 जाफौ के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।



## ट्रेनों में विस्फोटक व ज्वलनशील पदार्थ न लेकर जाएं

### स्टेशन परिसर में 7 दिवसीय कैम्प लगाकर दी जा रही जानकारी

**कोरबा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। ट्रेनों में हो रही आगजनी की घटना को लेकर रेल्वे प्रशासन सख्त है। ट्रेनों में यात्रियों के द्वारा ज्वलनशील पदार्थ नहीं लेकर जाने की अपील को लेकर रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट के द्वारा रेल्वे के निर्देश पर 7 दिवसीय जांच सुरक्षा कैम्प किया जा रहा है।

रेलवे पुलिस बल कोरबा के प्रभारी उपनिरीक्षक रघुनाथ सिंह चन्द्रा ने बताया कि रेल्वे पुलिस ने ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों से ज्वलनशील और विस्फोटक पदार्थ को लेकर यात्रा नहीं करने की अपील की गई है। कोरबा पुलिस ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के सामानों की जांच भी कर रही है। विस्फोटक सामान मिलने पर यात्रियों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 167, 164, 154 के तहत कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें 5 साल का कारावास भी उन्हें हो सकता है। श्री चन्द्रा अपनी टीम के साथ स्टेशन परिसर में लाउडहेलर लेकर बैनर-पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और विस्फोटक पदार्थ को लेकर कार्रवाई की जानकारी भी दे रहे हैं।




## घायल युवक का पैर काटना पड़ा, इलाज से मुकरे चालक पर जुर्म दर्ज

**कोरबा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। सडक़ दुर्घटना में घायल युवक का पैर काटने के मामले में पुलिस ने चालक पर जुर्म दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार यह मामला लगभग 7 माह पुराना है। केस दर्ज करने में विलंब का कारण चालक के वादाखिलाफी को बताया जा रहा है। दीपका थाना अंतर्गत ग्राम सिरकीखुर्द में रहने वाला अनिल रोहिदास 17 अप्रैल 2023 को भाई नरेन्द्र के साथ मोटरसायकल से दीपका जा रहा था। गाड़ी नरेन्द्र चला रहा था और अनिल पीछे बैठा था।

इस बीच दीपका झाबर के पास मेन रोड पर विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाईक क्रमांक सीजी 10 बीई 8641 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए नरेंद्र की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में नरेंद्र और अनिल सडक़ पर गिर पड़े जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। उन्हें पास के अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर अनिल को दूसरे अस्पताल रेफर किया गया। इस बीच टक्कर मारने वाली बाइक के चालक अनिल के इलाज का पूरा खर्च उठाने का आश्वासन दिया लेकिन पांच हजार रुपए देने के बाद वह अपने वादे से मुकर गया। इस बीच गंभीर चोंट लगने से डॉक्टर ने अनिल के पैर को काटकर अलग कर दिया।

# एसईसीएल में भूविस्थापितों की आर्थिक नाकेबंदी से 5.39 करोड़ का नुकसान

### प्रत्येक खातेदार को रोजगार दिलाने के लिए संघर्ष जारी

**कोरबा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल ने स्वीकार किया है कि 11-12 सितम्बर को छत्तीसगढ़ किसान सभा द्वारा आयोजित दो दिनों की आर्थिक नाकेबंदी से उसे 5.39 करोड़ रुपयों का नुकसान हुआ है। कुसमुंडा क्षेत्र के खान प्रबंधक संजय मिश्रा द्वारा उच्चाधिकारियों को प्रेषित पत्र क्रमांक 2256 दिनांक 21.09.2023 में इस बात को माना गया है। यह स्वीकारोक्ति कोरबा जिले में भूविस्थापितों द्वारा रोजगार और पुनर्वास की मांग पर किए जा रहे



आंदोलन के जोर पकडने् का भी प्रमाण है। कोल प्रबंधन अपने खिलाफ लगातार हो रहे आंदोलन से परेशान है और इसे रोकने के लिए अब उसने अदालत की शरण ली है। कुसमुंडा महाप्रबंधक ने आर्थिक नाकेबंदी से हुए नुकसान का हवाला देते हुए माकपा, किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के चार कार्यकर्ताओं के खिलाफ कटघोरा व्यवहार न्यायालय में वाद दायर किया है। इसके साथ ही उसने छत्तीसगढ़ शासन को भी प्रतिवादी बनाया है और अदालत से आंदोलनकारियों की गतिविधियों पर और आंदोलनों पर स्थाई रोक लगाने का आदेश जारी करने की मांग की है।

**आंदोलन को कुचलने की साजिश**

प्रशांत झा ने इस वाद को भू विस्थापितों के आंदोलन को प्रबंधन द्वारा कुचलने की साजिश बताया है। प्रबंधन द्वारा आंदोलनकारी नेताओं को असामाजिक तत्व कहे जाने पर भी कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि एसईसीएल क्या यह बताएगी कि जिन लोगों को आंदोलन के चलते रोजगार देने को वह मजबूर हुई है, क्या वे सभी प्रकरण गलत हैं? आने वाले दिनों में कोल इंडिया की रोजगार विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन और तेज किया जाएगा। एसईसीएल के जो अधिकारी किसानों का भविष्य बर्बाद करना चाहते हैं, उनका भविष्य भूविस्थापितों का आंदोलन तय करेगा।

अपने वाद में महाप्रबंधक संजय मिश्रा ने कहा है कि एसईसीएल केंद्रीय सरकार का सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जो पिछले 30-35 वर्षों से कोयले का खनन और परिवहन कर रहा है। वह समय -समय पर खदान विस्तार हेतु राज्य शासन की मदद से भूमि का अधिग्रहण करता है और कोल इंडिया द्वारा निर्धारित नीतियों और प्रावधानों के अनुसार भू विस्थापितों को सुविधाएं प्रदान करता है और भू -अर्जन अधिकारी द्वारा जिसकी अनुशंसा की जाती है, उसे रोजगार देता है। लेकिन कुछ असामाजिक तत्व अपात्र लोगों को लाभ और रोजगार दिलाने हेतु प्रबंधन पर अनुचित दबाव डालने के लिए लगातार आंदोलन कर रहे हैं, जिससे एसईसीएल को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए आंदोलनों पर रोक लगाई जानी चाहिए। असामाजिक तत्व से एसईसीएल का सीधा इशारा प्रतिवादियों की ओर है, जिसमें प्रशांत झा भी शामिल हैं।

## सार-संक्षेप

### साम्भर का शिकार, फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सारंगढ** 21 नवंबर (देशबन्धु)। वनमण्डलाधिकारी गणेश यू आर के निर्देश पर अधीक्षक गोमर्डा अभ्यारण्य कृष्णु चंद्राकर के मार्गदर्शन में रेंजर राजू की टीम के द्वारा साम्हर के शिकार के फरार आरोपी दयानिधि वल्द अघनु बरिहा निवासी रेंगालमुडा सघन सर्चिंग से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया तथा न्यायालय के आदेश से रिमांड पर जेल भेजा गया।

### कलेक्टर ने ली मतगणना अधिकारियों की बैठक

**सारंगढ़** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मतगणना के ड्यूटी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी अधिकारियों के ड्यूटी के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, परियोजना निदेशक पंचायत (डीआरडीए) हरिशंकर चौहान, बीईओ बरमकेला नरेश चौहान, सीईओ संजू पटेल, प्रज्ञा यादव, योगेश्वरी बर्मन, एसडीओ पीडब्ल्यूडी पीसी कुर्रे, सांख्यिकी अधिकारी एस.सी सिंह, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कमल कंवर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार, आयुष तिवारी, कमलेश सिदार, कोमल साहू, शनिकुमार पैंकरा, बंदेराम भगत, अरपन कुर्रे, देवराज सिदार, रूपाली मेश्राम, सहायक सूचना अधिकारी देवराम यादव, मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, एस.आर. अजय, थानेश्वर चन्द्रा, जे.आर. बंजारे, निर्वाचन कार्यालय के पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, अविनाश सिदार, कुंजबिहारी गहरे, एनआईसी के आशीष वर्मा आदि उपस्थित थे।

### खरसिया में ऐतिहासिक गोपाष्टमी मेले 77 वें वर्ष किया गया आयोजन




**खरसिया** 21 नवंबर (देशबन्धु)। खरसिया के ऐतिहासिक मदन मोहन गौशाला में गोपाष्टमी मेले का भव्य आयोजन मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल एन आर एवं विशिष्ट अतिथि गिरधर गुप्ता, महेश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा, ऋषि अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल मुंशी, विमल गर्ग, की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। बताते चलें कि महामना भारतरत्न पंडित मदन मोहन मालवीय के नाम पर इस गौशाला का नामकरण करते हुए श्री मदन मोहन गौशाला का निर्माण 1946 में किया गया था आज गौशाला को खरसिया नगर की तीसरी पीढ़ी के युवाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है नवयुवाओं के जोश और उनके काम करने की क्षमता एवं आधुनिक सोच ने श्री मदन मोहन गौशाला का कायाकल्प कर दिया है गौशाला के आधुनिकीकरण के साथ-साथ नियमित रूप से किया जा रहा है ठंड हो गर्मी हो या बरसात हो नगर के युवा सुबह और शाम तीन घंटे गौ माता की सेवा में अर्पित करते हैं। गोपाष्टमी को गौ पूजन का विशेष महत्व होता है। आज मंगलवार को प्रात: 7 बजे से गौ आरती एवं प्रसाद वितरण पूजन पश्चात भव्य गौशाला मेला दोपहर 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया गया। गौ दर्शन, गौ पूजन, गौ परिक्रमा, गौ दान का कार्यक्रम किया गया।

**सम्मानित हो चुकी है गौशाला:** कैलाश शर्मा खरसिया की आदर्श मदनमोहन गौशाला की गौसेवा में समर्पित युवाओं की टीम द्वारा सेवा और समर्पण से गौशाला को अपने घरों से भी ज्यादा सुंदर, सुब्यवस्थित, दर्शनीय बनाकर नि: स्वार्थ की जा रही। यही वजह है कि गत वर्ष छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्री मदनमोहन गौशाला खरसिया को शांति और अहिंसा एवं गौ सेवा के लिए यति यतनलाल राज्य अलंकरण से राजधानी रायपुर में सम्मानित किया जा चुका है। यहां यह भी बताया जाना लाजमी होगा इस गौशाला की व्यवस्था ही इसे विशिष्ठ बनाती है जहां गौ वंश की सेवा ही सर्वोपरी है।

### नाबालिक बालिका से छेडखानी का आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। नाबालिक बालिका से छेडखानी करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा ×41, ×54, ×2× भादवि 08 पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मामले पुलिस ने बताया कि नाबालिक बालिका 20 नवम्बर की शाम सायकिल से अपने घर जा रही थी, की रास्ते में आरोपी देवांशु बघेल पूर्व से खडा था, जिसके द्वारा पीड़िता की सायकिल को पकडकर रस्ता रोककर पीडिता को बे'जत्ती करने की नियत से छेडछाड किया है। इसकी रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा ×41, ×54, ×2× भादवि 8 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया था। विवेचना दौरान आरोपी देवांशु बघेल को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार किए जाने से तथा आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे उप निरीक्षक लालन पटेल एंव थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### भास्कर प्रसाद यादव का निधन



**जांजगीर,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं यादव काम्प्लेक्स के संचालक 67 वर्षीय भास्कर प्रसाद यादव का आकरिमक निधन गत 18 नवम्बर को हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु सहित नगर के गणमान्य नागरिक शामिल रहे। मुखाग्नि पुत्र मिथलेश यादव ने दी। वे अपने पीछे पुत्र, पुत्री सहित नाती न से भरा परिवार छोड़ गये।

# धान की कटाई और मिसाई में व्यस्त हुए किसान

चांपा, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्र में धान कटाई का काम जोर पकड़ने लगा है। धान के साथ अब हाइब्रिड एचएमटी धान देर से पकाने वाली धान की कटाई भी शुरू हो गई है किसान सुबह से शाम तक खेतो में नजर आने लगे है। गांव में अधिकांश किसान देर से पकने वाले धान स्वर्णा धान की बोवाई करते हैं। वहीं कुछ गांव में जहां सिंचाई नहर से होती है तथा स्वयं के सिंचाई का साधन हैं ऐसे किसान समय से पहले ही धान की बोआई पूरी कर लेते है।

इन फसलों की कटाई अब शुरू हो गई है। वही देर से पकने वाले धान की कटाई भी कुछ गावों में शुरू हो गई है। बिर्रा क्षेत्र के तालदेवरी, करनोद, नकटीडीह, सिलादेही, सोनादह में धान कटाई का काम जोर पकड़ने लगा है। धान कटाई के बाद किसान ट्रैक्टर या अन्य साधन से फसल को खलिहान तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। किसान सुबह घर से निकल रहे हैं तो दिन ढलने के बाद ही घर पहुंच रहे हैं। किसानों ने बताया कि पौधों के अधिक सूखने से कटाई में देरी आती है। धान पक कर तैयार होने के बाद कटाई करना उपयुक्त है।




#### बढ़ी किसानों की परेशानी

कटाई करने वाले मजदूर के द्वारा प्रत्येक वर्ष मजदूरी बढ़ाई जाने से किसान भारी परेशान है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि 2 - 25 सौ रुपए मजदूरी चलने के बाद भी मजदूर नहीं मिल रहे हैं। किसान बुधराम पटेल ने बताया कि मजदूर शुरुआत से अपने फसल की कटाई कर लेते हैं इसके। बाद ही दूसरों के खेतों में मजदूरी करने जाते हैं। वही आने वाले समय में मजदूरी और इजाफा होने की संभावना है।

#### प्रांत से पहुंचने लगे हार्वेस्टर

धान कटाई और मिजाई के लिए कंबाइन हार्वेस्टर पंजाब हरियाणा से पहुंच रहे हैं। इसमें मजदूरों की अपेक्षा कटाई सस्ते में होता है और किसान सीधे धान को खेत से खलिहान ले जाने के बजाय खरीदी केंद्र में ले जाते हैं। क्षेत्र में कुछ किसानों ने हार्वेस्टर खरीद लिया है। इसका प्रयोग स्वयं की खेती के अलावा दूसरों के खेतों में धान कटाई व मिजाई में करते हैं।

## रबी फसल के लिए पानी को लेकर किसानों में असमंजस

#### किसान अपनी सुविधानुसार फसल लगा सकते है

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक नहीं हो पाई है इसलिए यह तय नहीं हुआ है कि रबी फसल के लिए पानी कब से दिया जाएगा। मतगणना के बाद ही बैठक होने की संभावना है और पानी जनवरी में छोड़ा जाता है। किसान अपनी सुविधानुसार फसल लगा सकते हैं। प्रशासन का भी यह प्रयास रहता है कि रबी में दलहन तिलहन की फसल किसान लें। :- **अर्जुन कुर्रे, ईई, जल संसाधन विभाग जांजगीर**



जांजगीर, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। खरीफ फसल पककर तैयार है और कटाई भी जोरों पर है। रबी फसल का समय भी आ गया है। मगर जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक नहीं हुई है और किसान उहापोह की स्थिति में हैं कि रबी फसल के लिए इस बार नहर से पानी कब मिलेगा और दलहन तिलहन के लिए मिलेगा या ग्रीष्म कालीन धान के लिए। प्रशासन द्वारा समय पर इसकी जानकारी किसानों को नहीं दिए जाने से उतेरा बोआई भी पिछड़ गई है।

विधानसभा चुनाव के चलते आचार संहिता प्रभावी है। प्रशासन भी चुनाव कार्यों में व्यस्त था। ऐसे में इस बार जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक नहीं हो पाई है। धान कटाई भी जोरों पर है। मगर किसान इस उहापोह में हैं कि वे रबी फसल में क्या लगाएं। क्योंकि नहर से पानी कब छूटेगा यह स्पष्ट नहीं है। बांगो बांध से नहर में पानी छोड़े जाने का निर्णय जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक लिया जाता है। इस साल यह बैठक ही नहीं हो सकी है। ऐसे में रबी फसल की बोआई में किसान पिछड़ रहे हैं। कृषक चेतना मंच के सचिव संदीप तिवारी का कहना है कि अभी तक जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक नहीं हुई है जिसके चलते रबी फसल कि बोआई में विलंब हो गया है। धान कटाई चल रही हैं ऐसे में मटर, चना, तिवरा की उतेरा बोआई नहीं हो पाई है। अब उतेरा बोआई संभव भी नहीं है। क्योंकि खेत सूख गए हैं। बैठक कब होगी और निर्णय लिया जाएगा तब तक दलहन तिलहन की खेती पिछड़ जाएगी। प्रशासन को शीघ्र ही जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक लेकर निर्णय लेना चाहिए। ताकि किसान समय पर खेती कर सकें और उन्हें नुकसान भी न हो ।

## देवउठनी एकादशी कल, 147 दिन बाद हो रहा चातुर्मास समाप्त

**जांजगीर,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। चार माह से सोए देव 2× नवंबर को देवउठनी एकादशी पर जाग जाएंगे। इसके साथ ही मांगलिक कार्य शुरू होगी और शहनाई गूंजने लगेंगी। नवंबर में छह और दिसंबर में शादी के सात शुभ मुहूर्त हैं। करीब 147 दिनों के बाद शहनाई गूंजेगी। इस दिन अबूझ मुहूर्त होने के कारण शादियों की धूम रहेगी। विवाह के लिए होटल और शादी घर के साथ ही बैंड, धमाल, डीजे आदि की बुकिंग कर ली गई है।

देवोत्थानी एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। यह दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। शास्त्रों के अनुसार देवउठनी एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु क्षीर सागर में नींद से जागृत होते हैं। इस दिन से मांगलिक कार्य का भी शुभारंभ होता है। 'योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार देवउठनी एकादशी पर सर्वार्थसिद्धि योग, रवि योग और सिद्धि योग का संयोग बन रहा हैं। इस संयोग में भगवान विष्णु की पूजा करने से कामों में सफलता की प्राप्ति होती है। शुभ योगों का यह संयोग सभी राशियों के लिए लाभदायक होगा। देव उठनी एकादशी को यानि 147 दिन बाद चातुर्मास समाप्त होगा और देव जागेंगे । इसी के साथ शहनाई गूंजना आरंभ हो जाएंगी। देवशयनी एकादशी को भगवान विष्णु क्षीर सागर में विश्राम करने चले जाते हैं और देव उठनी एकादशी को जागते हैं। देवउठनी एकादशी 2× नवंबर को है और इसके बाद ×0 नवंबर तक विवाह के लिए 6 शुभ मुहुर्त है। इसी तरह दिसंबर माह में 7 शुभ मुहुर्त है। देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह की परंपरा का निर्वहन किया जाएगा साथ ही विवाह समारोह भी शुरू होंगे।



#### 16 दिसंबर से खरमास

147 दिन बाद देवउठ्नी एकादशी से शुरू हुए मांगलिक कार्यो पर 16 दिसंबर से 14 जनवरी 224 तक ब्रेक लग जाएगा. वही दिसंबर माह में 7 शादी के मुहूर्त है जिसमें 5,6,7,8,9,11 और 15 दिसंबर को शादी के शुभ मुहूर्त है। 16 दिसंबर से खरमास प्रारंभ होने के साथ ही मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा।

### सप्ताह भर से व्यर्थ बह रहा पानी,धान की खड़ी फसल को हो रहा नुकसान

**डभरा**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। डभरा क्षेत्र के सबसे बड़े ग्राम पंचायत कोटमी के बाजार पारा मोहल्ला में वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 में विगत एक सप्ताह से गली में बिछाए गए नल का पाइप फूट जाने से पानी बह रहा है। मुख्य पाइप का फट जाने के कारण पानी किसानों के खेत में पहुंच रहा है एवं खड़ी धान फसल को नुकसान हो रहा है। खेतों में पानी भर जाने से फसल कटाई में परेशानी हो रहा है जबकि प्रभावित वार्ड के ग्रामीणों ने बताया कि एक तरफ नल में पानी नहीं जा रहा है और दूसरी तरफ फालतू पानी बह रहा है। वार्ड के ग्रामीणों ने सरपंच एवं पीएचई विभाग से आग्रह किया है कि गली ले लगे पाइप लाइन को सुधार कराया जाए जिससे बर्बाद हो रहे पानी को बचाया जा सके। वार्ड पच से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो पाया समाचार लिखे जाने तक पानी बह रहा था।



### जांजगीर स्टार टीम रही विजेता



**जांजगीर**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर फुटबॉल संघ के तत्वाधान में जांजगीर के हैंड बाल ग्राउंड में सात दिवसीय 5 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके फाइनल मैच जांजगीर पैंथर कप्तान राहुल भवानी एवं जांजगीर स्टार कप्तान श्याम सुंदर कहरा के टीम के बीच हुआ। फाइनल मैच का निर्णय गोल्डन सूट आउट में हुआ जिसमें जांजगीर स्टार के गोल कीपर ने गोल कर अपने टीम को विजय दिलाई।

रोमांचक मुकाबले मे पेनल्टी शूट आउट भी एक-एक की बराबरी पर रहने से फैसला न होने के कारण गोल्डन सूट आउट से फैसला हुआ इसमें जांजगीर स्टार टीम ने विजय प्राप्त की। गोल्डन सूट आउट में जांजगीर स्टार के गोल कीपर गांधी ने गोल कर अपने टीम को विजय दिलाई। प्रतियोगिता के सफल खिलाड़ी सुमित यादव रहे,जिसने प्रतियोगिता में कुल 19 गोल किया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मनोज पाण्डेय, प्राचार्य विवेकानंद उ'चतर माध्यमिक विद्यालय, जांजगीर थे। अध्यक्षता आलोक शुक्ला, प्राचार्य जिज्ञासा स्कूल जांजगीर, विशिष्ट स्थिति अनिल तिवारी, प्राचार्य ज्ञान 'योति स्कूल जांजगीर, जितेंद्र तिवारी अध्यक्ष हैंडबॉल संघ जांजगीर,युवा नेता संस्कार राठौर,महेंद्र कश्यप एवं मृत्युंजय पाण्डेय थे। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता अनिल राठौर ने किया। रैफरी का कार्य वाशु सागर राठौर ने किया।

## कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



#### मतगणना कार्य की तैयारी के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जांजगीर,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पेण्ड्री भांठा जांजगीर स्थित स्ट्रांग रूम पहुँचकर ईव्हीएम, वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सीसीटीव्ही कैमरे, फायर सेफ्टी उपकरण, सुरक्षा बलों की ड्यूटी, बैरिकेडिंग आदि के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम परिसर की सुरक्षा में तैनात जवानों को सजगता के साथ स्ट्रांग रूम की निगरानी करने के निर्देश दिये। विधानसभा निर्वाचन की मतगणना रविवार × दिसम्बर 202× को सुबह 8 बजे से की जाएगी। कलेक्टर ने मतगणना कार्य की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, रिटर्निंग अधिकारी ज्ञानेन्द्र ठाकुर, विनय पटेल एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### छः जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। शिवरीनारायण पुलिस को सूचना मिली की शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम बेल्हा अमरईया खार में कुछ लोग रुपए पैसा का दाव लगाकर तास पत्ती से हार जीत नामक, काट पत्ती जुआ खेल रहे है की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपी छत्रपाल केशरवानी निवासी खरौद,भरत साहू निवासी खरौद,बालाजी नोनिया निवासी खरौद,खेदूराम कौशिक निवासी पेण्ड्री,दुर्गेश्वर वर्मा निवासी पेण्ड्री, कृष्ण कुमार कहरा ग्राम दुरपा को तास पत्ती जुआ खेलते पाया गया जिसके कब्जे जुमला कुल नगदी 12,850/ रूपये एवं दो गड्डी ताश, दो तालपत्री जप्त किया जाकर थाना शिवरीनारायण में आरोपियों के विरूद्ध दो प्रकरण अलग अलग धारा ×(2) छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम छ.ग. 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया।

# आंवला नवमी पर महिलाओं ने वृक्ष के नीचे बैठकर ग्रहण किया भोजन

**मनेंद्रगढ़** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 21 नवंबर 2023, मंगलवार को आंवला नवमी का पर्व भक्ति भाव पूर्वक मनाया गया। महिलाओं ने परिवार के साथ आंवला के वृक्ष के नीचे जाकर विधि विधान से आंवला वृक्ष की पूजा की एवं भोजन बनाकर भोजन ग्रहण किया। आंवला वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है इसलिए भगवान विष्णु की विशेष रूप से पूजा की जाती है। नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष प्रभा पटेल ने भी आंवला नवमी पूजा में शामिल होकर आंवला नवमी की शुभकामनाएं दी और आंवला वृक्ष के नीचे घर परिवार की महिलाओं के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। धार्मिक मान्यता है कि आंवला नवमी स्वयं सिद्ध मुहूर्त भी है। इस दिन दान, जप व तप सभी अक्षय होकर मिलते हैं अर्थात इनका कभी क्षय नहीं होता हैं। भविष्य, स्कंद, पद्म और विष्णु पुराण के मुताबिक इस दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। पूजा के बाद इस पेड़ की छाया में बैठकर खाना खाया जाता है। ऐसा करने से हर तरह के पाप और बीमारियां दूर होती हैं। इस दिन किया गया तप, जप , दान इत्यादि व्यक्ति को सभी पापों से मुक्त करता है तथा सभी मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाला होता है।



आंवला नवमी के दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करके आंवले के वृक्ष की पूजा की जाती है। आंवले की जड़ में कच्चा दूध चढ़ाकर रोली, अक्षत, पुष्प, गंध आदि से पवित्र वृक्ष की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है। इसके बाद आंवला के पेड़ पर मौली बांधकर भगवान विष्णु के मंत्र का किया जाता है फिर आंवले के वृक्ष की सात परिक्रमा करने के बाद दीप प्रज्वलित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की जाती है। पुरोहितों के अनुसार आंवला नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा और इसके वृक्ष के नीचे भोजन करने की प्रथा की शुरुआत करने वाली माता लक्ष्मी मानी जाती हैं। प्रचलित कथा के अनुसार एक बार माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करने आईं। रास्ते में भगवान विष्णु और शिव की पूजा एक साथ करने की उनकी इच्छा हुई। लक्ष्मी मां ने विचार किया कि एक साथ विष्णु और शिव की पूजा कैसे हो सकती है। तभी उन्हें ख्याल आया कि तुलसी और बेल के गुण एक साथ आंवले में पाया जाता है। तुलसी भगवान विष्णु को प्रिय है और बेल शिव को । आंवले के वृक्ष को विष्णु और शिव का प्रतीक चिह्न मानकर मां लक्ष्मी ने आंवले के वृक्ष की पूजा की। पूजा से प्रसन्न होकर विष्णु और शिव प्रकट हुए। लक्ष्मी माता ने आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन बनाकर विष्णु और भगवान शिव को भोजन कराया। इसके बाद स्वयं ने भोजन किया। जिस दिन यह घटना हुई उस दिन कार्तिक शुक्ल नवमी थी तभी से यह परम्परा चली आ रही है।

# दुधिया रोशनी से जगमगाएंगे जल्द ही शहर की बाहरी सड़कें



## मोपका से चिल्हाटी, राजकिशोर नगर से छठघाट, मंगला से महर्षि स्कूल, तोरवा से लालखदान और अशोक नगर चौक से पत्रकार कालोनी तक नए स्ट्रीट लाइट

## 3 करोड़ 17 लाख 96 हजार की लागत से सड़कों में आएगा उजाला

**बिलासपुर**, 21 नवंबर ( देशबन्धु) ।नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शहर की बाहरी सड़कों को दुधिया रोशनी से रोशन करने की तैयारी है। इसके लिए नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा काम शुरू कर दिया गया है। निगम कमिश्नर श्री कुणाल दुदावत के निर्देश में शहर की इन सड़कों पर नए पोल और स्ट्रीट लाइट लगाने का काम जारी है। शहर की इन पांच प्रमुख मार्गों पर कुल 3 करोड़ 17 लाख 96 हजार की लागत से नए पोल और स्ट्रीट लाइट लगाए जाएंगे,इसके लिए फाउंडेशन का काम किया जा रहा है।

मोपका चौक से चिल्हाटी,राजकिशोर नगर चौक से छठघाट,मंगला चौक से महर्षि स्कूल चौक तक ,पावर हाऊस चौक तोरवा से लालखदान ओवरब्रिज तक और अशोक नगर चौक से पत्रकार कालोनी तक नगर निगम द्वारा स्ट्रीट लाइट के ज़रिए सड़कों से अंधेरा दूर किया जाएगा। इनमें मंगला चौक से महर्षि स्कूल चौक तक 102 पोल और 102 लाइट,अशोक नगर चौक से पत्रकार कालोनी तक 216 पोल और 216 लाइट, पावर हाऊस चौक से लालखदान ओवरब्रिज तक 56 पोल और 56 लाइट,इसी तरह राजकिशोर नगर चौक से छठघाट तक 216 पोल और 216 लाइट और मोपका चौक से चिल्हाटी तक 102 पोल और 102 लाइट लगाए जाएंगे। इन मार्गों में स्ट्रीट लाइट लग जाने से अंधेरा दूर होगा और राहगीरों को आवागमन में काफी आसानी होगी।

रायपुर और कोनी मार्ग में पहले ही काम पूरा हो चुका है

शहर के ऐसे मार्ग जहां रोशनी का अभाव था उन मार्गों में स्ट्रीट लाइट लगाने निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के निर्देश पर नगर निगम ने काम प्रारंभ कर दिया था। कार्य योजना के तहत तिफरा ओवरब्रिज से पेण्ड्रीडीह बाईपास तक 11 कि.मी. में नए 367 पोल और 768 स्ट्रीट लाइट लगाया जा चुका है। इसी तरह माँ महामाया चौक से तुर्काडीह पुल तक लगभग 6 किमी की दूरी में 200 इलेक्ट्रिक पोल और 448 नए स्ट्रीट लाइट लगाए गए है। जिससे पूरी सड़क में दुधिया रोशनी है। जगमल चौक से गुरूनानक चौक तक भी 30 पोल और 65 लाइट लगाए जा चुकें हैं।

# प्रदेश में पहली बार बायोमेट्रिक तरीके से धान खरीदी चालू

**बिलासपुर**, 21 नवंबर ( देशबन्धु) ।छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से धान खरीदी चालू हो गई है ।धान खरीदी के 20 दिन बाद कल से प्रदेश में पहली बार बायोमेट्रिक की प्रक्रिया से धान खरीदी अनिवार्य कर दी गई है । बायोमेट्रिक मशीन में आंख और अंगूठे लगाकर धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन होगा ।

अब किसान सोसाइटी में सीधे-सीधे धान नहीं बेच सकेंगे। छत्तीसगढ़ में धान बेचने के लिए बायोमेट्रिक तकनीक की प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। धान खरीदी केंद्र में पहली बार किसान बायोमेट्रिक में अंगूठा लगाते देखे गए हालांकि सोसाइटी मैनेजर का कहना है बायोमेट्रिक सिस्टम लागू नहीं हुआ था तब के धान बेचना ज्यादा सरल था, लेकिन सरकार के अनिवार्य करने के बाद अब हर किसान को बायोमेट्रिक की प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। अब जो भी धान खरीदी होगी वह बायोमेट्रिक के तकनीक के माध्यम से होगी। एक पक्ष और है बायोमेट्रिक तकनीक में धान खरीदी के समय अगर नेटवर्क फेल रहा तो किसानों को धान बेचने में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही साथ धान बेचने में अधिक समय लग सकता है।



त्योहार व मतदान को लेकर छुट्टी के चलते धान खरीदी बंद थी चुनाव के बाद अब उपार्जन केन्द्रों में फिर धान खरीदी होगी। त्योहार एवं चुनाव के बाद अब धान कटाई जोर पकड़े ने की संभावना है।

गौरतलब है कि 1 नवम्बर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो चुकी है। धान खरीदी शुरू होने के एक सप्ताह बाद से ही जिले के केंद्रों से मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए भी धान चालू हो गया है।

जानकारी मुताबिक त्योहार तथा चुनावी माहौल में व्यस्त रहने के कारण पहले पखवाड़े में खरीदी धीमी रही है, मगर अब चुनाव का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहीं कटाई भी तेजी से चल रहा है। ऐसे में जल्द ही खरीदी केंद्रों में धान की आवक बढने् की संभावना है। समितियों द्वारा हर दिन जारी टोकन के हिसाब से धान खरीदी की जा रही है। अब सभी केंद्रों में बायोमैट्रिक्स मशीन के माध्यम से खरीदी की जा रही है। त्योहार और उसके बाद चुनाव की वजह से अब तक धान कटाई की गति धीमी रही है। अब मतदान पश्चात चुनाव भी खत्म हो गया है। ऐसे में अब धान कटाई तेजी आने की संभावना है। जिले में ज्यादातर किसान हार्वेस्टर मशीन से धान कटाई करा रहें हैं।

धान खरीदी के सॉफ्टवेयर में कई किसानों का रकबा फेरबदल दिखाए जाने की भी शिकायतें आ रही है। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। मगर ऐसे किसानों को सुधार के लिए पटवारियों के पास भेजा जा रहा है। ऐसे मामलों में कुछ किसानों द्वारा धान की बुआई नहीं करने अथवा जमीन की बिक्री कर लिए जाने को भी कारण बताया जा रहा है।

# पुलिस अधीक्षक नें बिलासागुड़ी में ली क्राइम मीटिंग,5 मुद्दों पर विशेष निर्देश

## ज़िला पुलिस का अपराध नियंत्रण पर समीक्षा बैठक

**बिलासपुर,** 21 नवंबर ( देशबन्धु)। बिलासागुड़ी में आज पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग लिया गया। चुनाव को सुरक्षित एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए मीटिंग में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को संतोष सिंह ने बधाई दी।



### मीटिंग में इन मुद्दों पर विशेष निर्देश दिए गए

**ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए कार्यवाही**- शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए सभी को जागरूक करने और उन्हें सकारात्मक कदम उठाने के लिए आह्वान किया गया।

**अपराध निकाल पर जोर**- अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए महत्त्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं।

**साइबर क्राइम के मामलों में जागरूकता बढ़ाना**- साइबर क्राइम के खिलाफ जनता को जागरूक करने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए टीमें बाहर के राज्यों में भेजी जाएंगी।

**ड्रग्स के सौदागरों पर कड़ी कार्यवाही**- नशे के सौदागरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।*

**अपराधियों के खिलाफ गुणवत्तापूर्ण जाँच**- अपराधियों को जेल भेजने के साथ-साथ उनकी गुणवत्तापूर्ण जाँच पर भी जोर दिया गया है।

मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, सीएसपी सिविल लाइन संदीप पटेल, सीएसपी कोतवाली पूजा कुमार और डीएसपी हेड क्वार्टर के साथ साथ जिला के अन्य अधिकारी/प्रभारी मौजूद थे।

# एटीआर में बाघ सहित वन्य जीवों की होगी गणना

## पग मार्क, पेड़ों पर खरोंच के निशान देखकर होगी पहचान

## ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे,पहले भी ट्रैफ कैमरे में कैद हो चुके हैं बाघ

**बिलासपुर**, 21 नवंबर ( देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व (ड्डञ्जक्र) में बाघों और अन्य वन्य प्राणियों की गणना की जाएगी। इसके लिए पग मार्क, पेड़ों पर खरोंच के निशान, मल और कील देखकर जंगली जानवरों की पहचान की जाएगी। 7 दिनों तक चलने वाली इस तकनीक के बाद ट्रैप कैमरे की भी मदद ली जाएगी। इस बार सही आंकलन करने के लिए दो महीने तक ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे।

दरअसल, टाइगर रिजर्व में जंगली जानवरों की गणना का प्रावधान जरूरी है। गणना दो तरीके से होती है। एक वह विधि है, जो चार साल में एक बार होती है। वहीं फोर फेस मॉनिटरिंग साल में दो बार होती है। दो बार होने वाली यह गणना गर्मी और ठंड के समय की जाती है। गर्मी के मौसम में एक बार गणना हो चुकी है। अब ठंड में होने वाली है।

### फोर फेस मॉनिटरिंग के निर्देश जारी

बाघ सहित वन्य प्राणियों की गणना के लिए वन विभाग ने निर्देश जारी किया है।



फोर फेस मॉनिटरिंग सात दिनों तक चलेगी। जिसमें पहले तीन दिन ट्रैल लाइन पर बाघों के पंजों के निशान देखे जाएंगे। वन अमला ट्रांजिट लाइन में पैदल चलकर गणना करता है। यह दो किमी का होता है। इसमें वन कर्मी और अधिकारी पैदल चलकर पंजों के निशान, वन्य प्राणियों के पेड़ों में किए गए खरोंच, मल, अवशेष को बारीकी से देखते हैं। सैंपल भी एकत्र किया जाता है, ताकि उसकी जांच कर वन्य प्राणी की पहचान की जा सके।

### दो माह तक ट्रैप कैमरे से निगरानी

इस प्रक्रिया के बाद ट्रैप कैमरे से गणना की जाती है। पहले चिंहित जगहों पर 25-25 दिनों के लिए गणना करते थे। इस बार दो महीने तक कैमरे लगाने की योजना है। इससे गणना और बेहतर ढंग से हो सकेगी। इन कैमरे के सामने जो भी गुजरता है ऑटोमेटिक उनकी फोटो क्लिक होकर चिप पर सेव हो जाती है।

### प्रशिक्षण के बाद कैमरों का वितरण

इस गणना की रिपोर्ट सीधे राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को जाती है। इसलिए लापरवाही न करने के लिए सख्त चेतावनी दी जाती है। कोई चूक न हो इसलिए वन अमले को एक्सपर्ट प्रशिक्षण भी देते हैं। इस बार यह विधि अपनाई जा रही है।

इसके बाद जिन- जिन जगहों पर कैमरे लगने हैं, उस क्षेत्र के वनकर्मियों को कैमरे का वितरण किया जाएगा। हर तीन दिन में कैमरे के चिप को निकालकर फोटो को सेव किया जाता है।

# ओखा-शालीमार एक्सप्रेस के पेंट्रीकार से 4-4 नग गैस सिलेंडर व चूल्हा बरामद

## रेलवे वाणिज्य विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**बिलासपुर,** 21 नवंबर ( देशबन्धु) । यात्री सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ट्रेनों में आग लगने की घटनाएं मानव जीवन एवं रेल सम्पदा के लिए सबसे गम्भीर आपदाओं में से एक है इसलिए अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान सुरक्षित यात्रा वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है । इसका मुख्य उद्देश्य यात्रियों को ट्रेनों में यात्रा के दौरान अग्नि सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना तथा जागरूकता अभियान चलाकर आगजनी घटनाओं के जोखिम को कम करना है।



इसी क्रम में मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों तथा मंडल से गुजरने वाली गाड़ियों में विशेष अग्नि सुरक्षा अभियान निरंतर चलाई जा रही है । इस अभियान के तहत वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा गाड़ियों के पैंट्रीकारों सहित यात्री डिब्बों में ले जाए जा रहे किसी भी प्रकार के विस्फोटक और एलपीजी सिलेंडर, केरोसिन स्टोव आदि ज्वलनशील सामानों की जाँचकर व त्वरित कार्रवाई की जा रही है। स्टेशन परिसर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी भी रखी जा रही है । इसके साथ ही गाड़ियों में धूम्रपान पर रोक, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता तथा वैधता भी जांची जा रही है। गाड़ियों में यात्रियों को अग्निशमन यंत्रो, आपातकालीन खिड़की के प्रयोग सबंधी जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही यात्रियों को ट्रेनों में यात्रा करते समय अग्नि सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है तथा यात्रियों को यात्रा के दौरान ज्वलनशील व विस्फोटक सामानों के साथ यात्रा नहीं करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से भी प्रतिबंधित सामानों को ट्रेन में नहीं ले जाने के प्रति जागरूक करने के साथ ही उनसे आग्रह किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी टिकट चेकिंग कर्मचारियों को ड्यूटि के दौरान अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता व गाड़ियों में प्रतिबंधित सामानों की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी कड़ी में दिनाँक 20 नवम्बर 2023 को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में मंडल वाणिज्य प्रबंधक के. आर. गोपीनाथ कृष्णन के नेतृत्व में मुख्य वाणिज्य निरक्षकों व टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा बिलासपुर स्टेशन से गुजरने वाली विभिन्न गाड़ियों के पेंट्रीकार में ज्वलनशील एवं विस्फोटक समानों की सघन जाँच अभियान चलाई गई । इस अभियान में जाँच के दौरान गाड़ी संख्या 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस में ड्यूटी में कार्यरत सीटीआई जी.ए. राजू एवं डिप्टी सीटीआई ए.आर. मदावी द्वारा पेंट्रीकार के पैनल के अंदर में 04 नग सिलेंडर व 04 नग गैस चूल्हा पाया गया जिसे उक्त गाड़ी के पेंट्रीकार मैनेजर के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के पश्चात उक्त सामानों को गाड़ी में उपस्थित रेलवे सुरक्षा बल को त्वरित कार्रवाई हेतु सौंप दिया गया ।

## दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस को चलाने का लिया गया निर्णय

**बिलासपुर,** 21 नवंबर ( देशबन्धु) ।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत चंदिया रोड स्टेशन में प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग तहत तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य किया जाने के फलस्वरुप प्रभावित गाड़ियों में गाड़ी संख्या 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस को चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है । इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत चंदिया रोड स्टेशन प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य दिनांक 25 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक किया जाने की घोषणा की गयी थी । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होने वाली गाड़ियों में गाड़ी संख्या 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस को चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी अपने निर्धारित समय सारणी अनुसार चलाई जाएगी

### रिस्टोर होने वाली गाडियां

गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस को 30 नवंबर एवं 7 दिसंबर को चलाने का निर्णय लिया गया है।

गाड़ी संख्या 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस को 2 एवं 9 दिसंबर को चलाने का निर्णय लिया गया है ।

# सीयू श्रेष्ठतम अनुसंधान विश्वविद्यालय बनेगा-प्रो. चक्रवाल

**बिलासपुर,** 21 नवंबर ( देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) में दि नोबल प्राइज इन केमेस्ट्री 2023: दि डिस्कवरी एंड सिंथेसिस ऑफ क्वांटम डॉट्स विषय पर 21 व 22 नवंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय सिम्पोजियम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह रजत जयंती सभागार में 21 नवंबर को सुबह 10 बजे किया गया।



उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि श्रेष्ठ अनुसंधानकर्ता बनने के लिए संयम, समर्पण और सतत् प्रयत्न की आवश्यकता होती है। जिज्ञासु स्वभाव और प्रत्येक बिंदु पर सारगर्भित सवालों से आपके शोध में तथ्यपरकता आती है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय आने वाले समय में अनुसंधान के क्षेत्र में श्रेष्ठतम संस्थान के रूप में स्थापित होगा।

कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि विश्व में क्वांटम डॉट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित मेडिकल केयर के क्षेत्र में प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। सिम्पोजियम में शामिल प्रतिभागियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप संसाधनों की चिंता छोड़कर समाज उपयोगी गुणवत्तापूर्ण शोध पर ध्यान दें।

प्रो. अरुण सावंत, पूर्व कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय ने प्राचीन काल में उपयोग हो रहे विभिन्न कांच के रंजकों के आकार पर प्रकाश डालते हुए बताया कि क्वांटम डॉट आकार आधारित विभिन्न रंग बनाते है। शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कृत भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु के प्रो. पी.एस. मुखर्जी ने क्वांटम डॉट के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे प्रयोग की चर्चा की और कार्बधात्विक यौगिकों के बारे में विस्तार से बताया। प्रो. टी.एस. पाल पूर्व प्राध्यापक आईआईटी खड़गपुर ने कहा कि नैनो टेकनालॉजी एवं क्वांटम डॉट्स ने मेडिकल एवं तकनीक के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन किया है।

विशेषज्ञों ने बेहतर शोध परिणामों के लिए युवा शोधार्थियों से प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं में भाग लेने हेतु आह्वान किया। 2023 का नोबेल पुरस्कार तीन अमेरिकी वैज्ञानिकों को क्वांटम डॉट्स की खोज और विकास के लिए मौंगी जी. बावेंडी, लुईस ई. ब्रूस और एलेक्सी येकिमोव को दिया गया है।

इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती एवं संत गुरु घासीदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया। अतिथियों का स्वागत नन्हें पौधों से हुआ। तरंग बैंड द्वारा सरस्वती वंदना एवं कुलगीत की प्रस्तुति दी गई। सिम्पोजियम के चेयरमेन प्रो. जी.के. पात्रा ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रो. पी.के. बाजपेयी अधिष्ठाता भौतिकीय विज्ञान विद्यापीठ एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने सिम्पोजियम की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किये।

अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोरमा ने व धन्यवाद ज्ञापन सिम्पोजियम के संयोजक डॉ. एस.एस. ठाकुर ने किया। सिम्पोजियम में 197 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**NECC**

| 22.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 540 | 83 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 195 |

डिलीवरी 555 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188